नोटिस

हिमाचल प्रदेश राजस्व प्रशिक्षण संस्थान में मैस का संचालन दिनांक 16.01.2026 से 31.12.2026 तक ठेके पर दिया जाना है। जिसके लिए दिनांक 08.01.2026 को प्रातः 11:30 बजे निम्न नियम व शर्तों के आधार पर खुली बोली रखी गई है, इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को स्वयं संस्थान में पहुंच कर खुली बोली में भाग ले सकता है।

नियम व शर्तेः–

1. मैस के संचालन का ठेका दिनांक 16.01.2026 से दिनांक 31.12.2026 तक होगा।
2. मैस में सिगरेट, बीड़ी गुटका व अन्य नशीली वस्तुओं का बेचना व प्रयोग में लाना मना है इस का उल्लंघन करने पर ठेका रद्द किया जा सकता है।
3. मैस कार्य दिवस पुनशचर्या पाठ्यक्रम एवम् अन्य दिनों में खुली रहेगी।
4. मैस का निरीक्षण समिति के पदाधिकारियों द्वारा किसी भी समय किया जा सकता है।
5. मैस में काम करने वाले कार्यकर्ता के कपड़े साफ़ सुथरे होने चाहिए।
6. मैस में समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य ठीक होना चाहिए तथा मैस ठेकेदार को मैस चलाने से पूर्व स्वास्थ्य विभाग में नियमानुसार पंजीकरण करवा करके आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त करने होंगे।
7. मैस में साफ़–सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा।
8. मैस के ठेकेदार को security राशि के रूप में 15,000 /– रूपये (पन्द्रह हज़ार रूपये) जमा करवाने होंगें इसके इलावा हर महीने कुल अदायगी का प्रतिशत (%) जो बोली में तय होगा किराए के रूप में दी हि०प्र० राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, अतिथ्य सहकारी सभा जोगिन्दर नगर को देने होंगें।
9. यदि बोलीदाता/ठेकेदार बिना किसी पूर्व सूचना के मैस को अनुबन्ध पर लिखित समय से पहले छोड़ता है तो उसकी मैस security राशि ज़ब्त कर दी जाएगी।
10. अधोहस्ताक्षरी बिना कारण बताए बोली को रद्द कर सकता है।
11. मैस को सूचारू रूप से चलाए रखने के लिए बोलीदाता आवश्यकता अनुसार स्टाफ रखने की व्यवस्था भी करेगा।
12. बोली मैस की आय के 17 प्रतिशत (%) से शुरू होगी और अधिकतम 30 प्रतिशत (%) तक बोली जाएगी यदि अधिकतम बोली एक से अधिक बोली दाता द्वारा बोली जाएगी तो मैस का ठेका अधिकतम बोलीदाताओं के बीच में "Draw of lots" द्वारा किया जाएगा।

संयुक्त निदेशक,
ना0/स0 राजस्व प्रशिक्षण संस्थान
जोगिन्दर नगर जिला मण्डी।

प्रतिलिपिः

1. *समस्त सार्वजनिक स्थानों में चस्पां हेतू।*
2. *उपमण्डलाधिकारी (ना0), जोगिन्दर नगर व तहसील कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पां हेतू।*
3. *बस स्टैंड में लगाने हेतू।*
4. *हि0प्र0 राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिन्दर नगर के सूचना पट्ट में लगाने व website में upload करने हेतू।*

संयुक्त निदेशक,
राजस्व प्रशिक्षण संस्थान
ना0/स0 जोगिन्दर नगर जिला मण्डी।